# साम्प्रदायिक सौहार्द व भाईचारे से मनाएं त्यौहार : टीना डाबी

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले में त्योहारों को शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के माहौल में मनाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलैक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी त्योहारों होलिका दहन, धुलंडी, चेटीचण्ड एवं ईदुलफितर के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में व्यापक चर्चा हुई।

जिला कलैक्टर ने कहा बाड़मेर जिले की पहचान मेल-जोल और आपसी सौहार्द से है, यहां सभी वर्गों के लोग मिलकर त्योहारों की खुशियां साझा करते आए हैं।

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा आगामी त्योहारों को भी इसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी अफवाह अथवा विवादास्पद गतिविधि की सूचना तत्काल जिला प्रशासन या पुलिस को दें।

## यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए निर्देश दिए

जिला कलैक्टर ने पुलिस को बाड़मेर शहर व जिले के अन्य बड़े कस्बों में भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों को रोकने और भड़काऊ तथा घृणास्पद संदेशों के प्रचार-प्रसार को रोकने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को द्वेष भावना से भड़काऊ भाषण और जुलूस पर रोकथाम, सार्वजनिक स्थलों पर झण्डे एवं प्रतीकों का प्रदर्शन के संबंध में गृह विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सफाई व्यवस्था के लिए दिए निर्देश

जिला कलैक्टर ने नगर परिषद को त्योहारों के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में छोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद तथा उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा से अग्निशमन की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खाद्य उत्पादों की जांच के दिए निर्देश

जिला कलैक्टर ने होलिका दहन के दौरान आगजनी की संभावना को देखते हुए सीएचसी एवं पीएचसी पर बर्न युनिट और चिकित्सा दलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए दूध, मावा और मिठाइयों की जांच के निर्देश दिए।

## युवाओं की भागीदारी व सोशल मीडिया पर जोर दें

अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने कहा युवाओं को शांति समिति से जोड़ा जाएगा, ताकि सौहार्द की यह परंपरा आगे बढ़ती रहे। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है जिससे आपत्तिजनक पोस्ट पर तुरंत कार्यवाही कर किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जस्साराम ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन की सतर्कता के साथ आमजन की जिम्मेदारी भी बनती है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं से बचें।

बैठक में नगर परिषद आयुक्त श्रवणसिंह राजावत, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, रसद अधिकारी कंवराराम, कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष धनराज जोशी, मनोहर बंसल, मोहम्मद कुरैशी एवं सुरेंद्र मेहता सहित अधिकारीगण एवं शांति समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए

**पाली**, (नि.सं.)। जिला मजिस्ट्रेट एल एन मंत्री ने आदेश जारी कर जिले में 13 मार्च को होली दहन, 14 मार्च को धुलन्डी तथा रमजान माह और 21 मार्च को शीतला माता चौक मेला, 22 मार्च को सुरजपोल गांवशाही गैर एवं 23 मार्च को महाराणा प्रताप चौराहे पर गांवशाही गैर नृत्य आदि विभिन्न अवसरों को देखते हुए जिले में कानून व्यवस्था के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।

जारी आदेशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आवश्यक पुलिस जाब्ता लगाने, अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने, गैर के रास्तों पर आने वाले मकानों की छतों पर, बालकनियों में लोगों की भीड़ एकत्रित नहीं होने देने, महिलाओं, लड़कियों, वृद्धों या किसी व्यक्ति पर अवांछित प्रकार से गुब्बारे में प्लास्टिक की थैलियां फेंकने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पाबंदी की कार्रवाई, गैर के दौरान परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही नगर परिषद व नगर पालिका को गैर के निर्धारित रास्तों में पैचवर्क पूरा करने, सड़कों की सफाई, रोड लाइट को दुरुस्त करने, नालियों की सफाई, गैर के मार्ग में आने वाले अनावश्यक तारो व रस्सियों आदि को सावधानी पूर्वक व्यवस्थित करने के व गैर व व शीतला सप्तमी के मेले दौरान क्लोज़ सर्किट टीवी सेट लगाने एवं ड्रोन की व्यवस्था सुनिश्चित करने गैर एवं बादशाह की सवारी के रास्तों पर आवारा पशुओं को पकड़ने व गोशाला में भिजवाने के निर्देश दिए है।

इसी प्रकार अधीक्षण अभियंता जोधपुर डिस्कोम को बिजली की व्यवस्था ठीक रखना व झुके व ढीले तारो को ठीक करने के लिए , जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी को पेयजल आपूर्ति के लिए व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व राजकीय बांगड़ चिकित्सालय पाली तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सोजत को चिकित्सकों का दल मय स्टाफ जीवन रक्षक दवाओं के साथ एंबुलेंस तैयार रखने व लोगों को सुरक्षित होली के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार होली त्यौहार के आयोजनों एवं शीतला सप्तमी मेले के रास्तों में कोई बाधा हो तो निरीक्षण कर हटाने की कार्रवाई करने, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपखंड मजिस्ट्रेट पाली, आयुक्त नगर परिषद पाली, तहसीलदार पाली व उप अधीक्षक पुलिस शहर पाली को निर्देश दिए हैं।

## निजी शिक्षक संघ ने ज्ञापन दिया

**सायला**, (निसं)। निजी शिक्षक संघ ब्लॉक सायला द्वारा मंगलवार को आरटीई भुगतान के नियमो व प्रावधानों के उल्लघंन कर किए जा रहे भुगतान की कार्यवाही पर पुनः विचार कर नियमानुसार भुगतान करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि प्रतिवर्ष प्रारम्भिक शिक्षा के खर्चों के आधार पर यूनिट कॉस्ट तय कर उसी सत्र में 2 बार भुगतान करने का प्रावधान है जबकि 5 सालो से वहीं यूनिट कॉस्ट दे रहे है तथा उसी सत्र की बजाय 3-3 सालो की देरी से भुगतान किया जा रहा है। जिसमें आरटीई भुगतान हेतू यूनिट कॉस्ट गलत भुगतान कर प्रत्येक स्कूल को नुकसान पहूंचा रहे है। जो नियम व प्रावधानों के विपरीत तो है बल्कि स्कूल संचालन हेतू आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है। साथ ही पुस्तकों के मूल्यों का भुगतान अभिभावको को करने की बजाय सरकारी विद्यालयों में सरकार द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तके वितरण के प्रावधान की तर्ज पर नवीन सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व निजी विद्यालयों में भी निःशुल्क पाङ्य पुस्तके उपलब्ध करवाने आदि समस्या का समाधान करने की मांग की है। इस दौरान निजी संघ जिलाध्यक्ष हरीश त्रिवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष मानाराम परमार, मुकेश कुमार छीपा, कर्मेश कानेकर, नवाराम सुथार, हिरेन्द्रसिंह देवडा, विक्रमसिंह केशवना समेत शिक्षक मौजूद थे।

# शिव सेना के जिला प्रमुख रूपराज का जन्मदिन मनाया



जालोर में शिव सेना जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित का जन्म दिन मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला शिवसेना (यूटीबी) के धवला रोड स्थित कार्यालय में शिवसेना जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित का जन्मदिन शिवसेना (यूटीबी) के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया।

शिवसेना जालोर शहर प्रमुख मिश्रीमल माली ने कहा कि रूपराज पुरोहित जैसे समाजसेवी लाखों में एक होते हैं। उनके जिला प्रमुख बनने के बाद भाद्राजून पीडितों को 45 दिनों तक जिला कलेक्टर के समक्ष धरना देकर न्याय दिलवाया। किसी की अकाल मृत्यु होने पर उन्होंने अपनी निजी आर्थिक सहायता प्रदान की। किसी भी सरकारी विभाग में किसी पीड़ित व्यक्ति का कार्य अटका हो तो रूपराज जी स्वयं समय निकालकर संबंधित कार्यालय में जाकर कार्यवाही करवाते हैं। यह जालोर जिले का सौभाग्य है कि रूपराज पुरोहित जैसे भामाशाह और समाजसेवी जिले में जन्मे हैं। शिवसेना पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि शिवसेना ऑन स्पॉट न्याय अभियान को और अधिक तीव्र किया जाएगा, जिससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

शिवसेना जालोर जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित, जिला सचिव योगी शेषनाथ, जिला उप प्रमुख नारायणसिंह राजपुरोहित, जालोर शहर प्रमुख मिश्रीमल परिहार, कोषाध्यक्ष कुलदीप संदेशा, मांगीलाल पुरोहित, अशोक राणा, हंसराज मेघवाल, सलीम खां, संजय कुमार माली, भरत राजपुरोहित, विक्रम राजपुरोहित आदि उपस्थित रहे।

# जे.डी.ए. की योजनाओं के भूखंडों की ई-नीलामी जारी

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भव्य ई-नीलामी कार्यक्रम माह फरवरी-अप्रैल 2025 के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के आवासीय, व्यवसायिक एवं सुविधा क्षेत्रों के भूखण्डों की नीलामी निरन्तर जारी है। प्राधिकरण द्वारा बुधवार को अरणा विहार योजना ग्राम बड़ली के 05 भूखण्डों की नीलामी की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि सोमवार एवं मंगलवार को दो नीलामी दिवस में ग्राम बड़ली अरणा विहार योजना सेक्टर ए व बी के 05 भूखंडों को नीलामी के जरिये विक्रय किया गया। ई-नीलामी में अरणा विहार योजना के भूखण्डों के लिए 14500/-रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई।

सान्दू ने बताया कि जेडीए द्वारा माह फरवरी-अप्रैल 2025 नीलामी कार्यक्रम अनुसार झरणा विहार योजना, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विहार आवासीय योजना, मण्डोर एफएसएल खसरा नं. 388 ग्राम मण्डोर, मण्डलनाथ आवास योजना एवं विज्ञान नगर योजना के आवासीय भूखण्डों की भी नीलामी की जाएगी। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

## रंगीला राज सखी मेला लगाया

**पाली**,(नि.सं.) होली के त्यौहार पर रंगीला राज सखी मेले का आयोजन जिला परियोजना प्रबंधन इकाई पाली द्वारा मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने मेले का अवलोकन किया।

उन्होंने होली के अवसर पर हर्बल गुलाल का उपयोग करने की अपील की। स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा निर्मित उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई बिलौने की छाछ, लस्सी ठण्डाई, खान-पान के व्यंजन, मेहन्दी पाउडर एवं ठाकुरजी के पौशाक की स्टॉल लगाई गई।


## चोरी की आरोपी चार महिलाओं को जेल भेजा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में डिस्कॉम के गोदाम से करीब सवा चार लाख रुपए कीमत का सामान चोरी करने के मामले में गिरफ्तार चार महिलाओं को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से चारों को 24 मार्च तक जेल भेजा गया। घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज में सामने था।

दरअसल पाली के कोतवाली थाने में 23 जनवरी 2025 को जयसिंह पुत्र रामचन्द्र सोनी निवासी बापू नगर पाली हालस्टोर कीपर जोधपुर डिस्कॉम पाली ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि उसके गोदाम से 23 फरवरी 2024 को चार महिलाएं विद्युत सामान चोरी कर ले गई। जो वहां लगे कैमरे में कैद हुई। स्टॉक रजिस्टर में जांच करने पर सामने आया कि करीब 4 रेब्बिट कंडक्टर, 15 विजल कंडक्टर तथा 11 केवी वीसीबी पार्ट की चोरी हुए। रिपोर्ट में बताया कि 21 दिसम्बर 2024 को भी तीन से चार महिलाएं विद्युत सामान चोरी कर ले गई। जांच करने पर 2 किलोमीटर रेब्बिट कंडक्टर, 1 किलोमीटर विजल कंडक्टर की चोरी होना पाया गया।

फिर 20 जनवरी 2025 को वही तीन से चार महिलाएं विद्युत सामान चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। जो 25 रेब्बिट कंडक्टर चोरी कर ले गई। गोदाम से तीन बार में चुराए सामान की कीमत 4 लाख 15 हजार रुपए है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से महिलाओं की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया।

# जे.डी.ए. ने नान्दड़ी रूपनगर में अतिक्रमण हटाए



जे.डी.ए. दस्ते ने ग्राम नान्दड़ी रूपनगर में अतिक्रमणों को ध्वस्त किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जेडीए दस्ते द्वारा मंगलवार को ग्राम नान्दड़ी रूपनगर में अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया।

उपायुक्त जोन-01 मुकेश बारेठ के निर्देशानुसार जेडीए दस्ते द्वारा ग्राम नान्दड़ी ख.सं. 32 व 33 का मौका निरीक्षण किया गया। दस्ते द्वारा मौका निरीक्षण कर अवैध रूप से दीवार का निर्माण कर किए गए अतिक्रमणों को एक जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर हटाया जाकर सड़क भाग को अतिक्रमण मुक्त किया गया। कार्यवाही के दौरान दस्ते द्वारा अतिक्रमी को सख्त हिदायत दी गयी कि सड़क भाग में किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

इसी प्रकार प्राधिकरण सचिव भागीरथ बिश्नोई के आदेशानुसार तहसीलदार जोन-02 किरण सिंगारिया के निर्देशन में क.अभियन्ता राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल मय जेडीए दस्ते द्वारा ग्राम झालामण्ड के ख.सं. 475 के मौका निरीक्षण के दौरान 80 गुणा 120 फीट में टीनशेड निर्मित कर 2 जेट डाईन मशीनें, 1 बॉयलर एवं अन्य मशीनों के पार्टस रखे हुए पाए गए। कनिष्ठ अभियन्ता राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल पूजा चौधरी द्वारा 2 जेट डाईन मशीनें एवं 1 बॉयलर को सीज किया गया। कार्यवाहियों के दौरान प्रवर्तन अधिकारी जोगेन्द्र सिंह चौधरी, प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, योगेश गहलोत, पटवारी भजनलाल, पटवारी भूराराम चौधरी एवं पुलिस थाना बनाड़ का जाब्ता मौजूद रहा।

## पंजाबी खत्री सभा का अधिवेशन आयोजित

**जालोर**, (कासं)। समस्त पंजाबी खत्री सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय और परदेश स्तर की कार्यकारिणी की वार्षिक मीटिंग उदयपुर के रिसोर्ट में सम्पन्न हुई।

पंजाबी खत्री सभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रवीण गुलाटी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सर्वानंद आर्य, उपाध्यक्ष हरीश अरोडा,राम कामरा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जिला हिसार के गांव खैरी चौखटा से नरेन्द्र कामरा, फतेहाबाद से हरिंदर इलाहाबादी अनिल वोहरा, अनिल इलाहाबादी ने पधारकर सभा को संबोधित किया।

समस्त पंजाबी खत्री सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राजस्थान से भी प्रदेश अध्यक्ष संजीव तलवार, गुलशन नागी, सचिव प्रवीण गुलाटी, गुरचरण भाटिया,प्रमोद गिलोत्र, कपिल शर्मा,कमल अदलखा,नयन कालरा, धीरज कक्कड के साथ-साथ सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, महिला जिला अध्यक्ष ओर सभी जिला पदाधिकारी भी कार्यकारिणी की इस मीटिंग में हिस्सा लिया एवं आपने विचार व्यक्त किये। पंजाबी खत्री सभा जालौर के अध्यक्ष धीरज कक्कड ने बताया कि सभा के अंत में राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट संजीव तलवार ने सभी का धन्यवाद किया।

# स्वर्णगिरी की तलहटी में गूंजा वीरमदेव का पराक्रम

**जालोर**, (कासं)। जालोर के शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल और काइजन जूनियर स्कूल के संयुक्त वार्षिकोत्सव 2025 का आयोजन स्वर्णगिरी पर्वत की तलहटी में किया गया। कार्यक्रम ने दर्शकों को ऐसा अनुभव कराया मानो जालोर के गौरवशाली अतीत के स्वर्णिम पन्ने उनकी आंखों के सामने सजीव हो उठे हों।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार आसेरी वाइस चांसलर मारवाड मेडिकल यूनिवर्सिटी जोधपुर एवं कालूराम प्रजापत मारवाड रत्न से सम्मानित एवं विद्यालय की निर्देशक श्याम गोयल,सुषमा गोयल ,भावना गोयल एवं रचना सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मंगलाचरण प्रस्तुति ने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात काईजन वंडरलैण्ड थीम पर काइजन स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे इन बच्चों की मासूम अदाओं और उत्साह से भरी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा नृत्य-नाट्य मंचन वीरम द अनसंग वॉरियर, जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। लगभग सौ मिनट के इस प्रभावशाली मंचन में वीरमदेव का शौर्य, हीरा दे का परम पराक्रम, मां चामुंडा का आशीर्वाद और जालोर के गौरवशाली इतिहास की अमर गाथा को विद्यार्थियों ने अपने सशक्त अभिनय और संवादों के माध्यम से जीवंत कर दिया। विशेष रूप से हीरा दे का पराक्रम, मां चामुंडा और वीरमदेव के संवाद तथा सिर कटने के बाद भी युद्धरत वीरमदेव का दृश्य इतना अद्भुत रहा कि दर्शक अपने भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। यह दृश्य जहां एक ओर रोमांच से भरा था, वहीं दूसरी ओर दर्शकों की आंखों में गर्व और सम्मान के आंसू छलक पडे।

विद्यालय की निर्देशिका भावना गोयल ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल शिक्षा तक सीमित न रखकर उनमें छुपी प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोडना है। 'वीरम द अनसंग वॉरियर' के माध्यम से हमने अपने गौरवशाली अतीत को नई पीढी के सामने प्रस्तुत किया है, जो हमारे लिए गर्व का विषय है। इस भव्य मंचन के लिए विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण के साथ-साथ विद्यालय की निर्देशिका भावना गोयल एवं डायरेक्टर दिव्य प्रकाश गोयल के मार्गदर्शन में रंगकर्म एवं नृत्य विशेषज्ञों का विशेष योगदान रहा। रंगकर्म विशेषज्ञ आशीष ने प्रभावशाली अभिनय व संवाद अदायगी को निखारने में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया, वहीं अनुपमा व साहिल ने शानदार नृत्य संयोजन कर मंचन को भव्य रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन विशेषज्ञों के कुशल निर्देशन और शिक्षकों के अथक प्रयासों ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और प्रदर्शन कला में निपुण बनाया। कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि स्वर्णगिरी की तलहटी में आयोजित इस आयोजन को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक उमड पडे। दर्शकों ने वीरमदेव के शौर्य, हीरा दे के पराक्रम और नन्हे-मुन्ने बच्चों की मासूम प्रस्तुति को भावनाओं से भरकर खूब सराहा। समूचा परिसर तालियों की गूंज और जय वीरमदेव के नारों से गूंज उठा, जिसने इस आयोजन को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना दिया। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर दिव्य प्रकाश ने सभी अतिथिगणों, आये हुए दर्शकों एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले शिक्षकों, विद्यार्थियों और सभी सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# जालोर स्टेडियम के हालात सुधारने की मांग बताई



जालोर में स्टेडियम की व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर खेल प्रेमियों ने जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कर.सं.)। जालोर जिला मुख्यालय पर स्थित शाह गेनानी पूंजाजी स्टेडियम के बिगड़े हालातों पर जालोर शहर के खेल प्रेमियों ने नाराजगी जताई।

साथ ही मंगलवार को खेल प्रेमियों ने जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप गंवाडे को ज्ञापन देकर मैदान की दशा सुधारने की मांग की है।

जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि जालोर महोत्सव के बाद स्टेडियम को समतल नहीं किया गया है तथा वॉकिंग ट्रेक की हालत भी काफी बिगडी हुई है।

ट्रेक पर लगे पत्थर उखाड दिए है। जिससे खेल प्रेमियों को परेशानी हो रही है। खेलप्रेमी ने बताया कि पूर्व में भी ज्ञापन दिया था, लेकिन स्टेडियम की दशा को नहीं सुधारा गया है।

कलेक्टर ने खेल प्रेमियों को स्टेडियम में व्यवस्था सुधरवाने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन देते समय कमल राजा, पुखराज माली, अश्विन राजपुरोहित, सुरेन्द्र सिंह, गोवर्धनसिंह, दिनेश महावर, गणपतसिंह, विक्रमसिंह, समेलाराम सोलंकी, पदममासिंह समेत खेल प्रेमी मौजूद थे।

## शीतला सप्तमी मेले के लिए निर्देश दिए

**पाली**, (नि.सं.)। जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री ने आदेश जारी कर जिले में 21 मार्च को आदर्श नगर शीतला माता चौक में मेला एवं 22 मार्च को सुरजपोल पर गांवशाही गैर तथा 23 मार्च को महाराणा प्रताप चौराहे पर गांवशाही गैर नृत्य का आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति परम्परानुसार पाली शहर में आयोजित होने वाले इस मेले एवं गांव शाही गैर नृत्य के दौरान शांति एवं काननू व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट पाली को सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। इसी प्रकार शीतला माता चौक, आदर्श नगर, सुरजपोल पर गांवशाही गैर के आयोजन स्थल, महाराणा प्रताप चौराहा पर गांवशाही गैर के आयोजन स्थल के लिए तहसीलदार पाली को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेटगण संबंधित पुलिस अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए 21 से 23 मार्च तक पाली शहर में आयोजन के दौरान शांति एवं काननू व्यवस्था आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंगे।

वहीं जिले में 13 को होली दहन व 14 मार्च को धुलण्डी त्यौहार मनाया जाएगा। इस दौरान शांति व कानूनी व्यवस्था एवं व्यवस्थाओं के लिए जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री ने समस्त उपखंड मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई है।

# सिरोही में कांग्रेसजनों की बैठक आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सह प्रभारी रित्विक मकवाना ने सिरोही में कहा कि कांग्रेस देश की जनता के मुद्दों के लिए हमेशा लडी है और आगे भी लडती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश के गौरव की बडी गाथा लिखता है। वे सिरोही जिला मुख्यालय पर सिरोही जिला कांग्रेस कमेटी के जिला संगठन, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों व कांग्रेसजनों की संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस संगठन सह प्रभारी रित्विक मकवाना के सिरोही पहुंचने पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष आनंद जोशी ने साफा पहनाकर स्वागत किया।

पूर्व विधायक संयम लोढा ने रेवदर विधायक मोतीराम कोली के बारे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड द्वारा की गई टिप्पणी पर जवाब देते हुए कहा कि यह बछड़ा दूध पीने नहीं गया है, अब यह बछड़ा सांड बन चुका है, अब यह भाजपा का सफाया करके रहेगा।

रेवदर विधायक मोतीराम कोली ने मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य को सरकार नहीं प्रशासन चला रहा है।

बैठक में आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, वैभव गहलोत,,जिला संगठन प्रभारी अंजना मेघवाल, आबू पिंडवाडा के लीलाराम गरासिया, पूर्व जिला प्रमुख अनाराम बोराणा, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीर सिंह रोहुआ, रामसिंह सिसोदिया, अचलसिंह बालिया, रताराम देवासी, रतनलाल माली, गणेश बंजारा, नगर अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति, नरगिस कायमखानी, हनवंतसिंह मेडतिया, सुरेश रावल, पूर्व विधायक लालाराम गरासिया, गंगाबेन गरासिया, पीसीसी सचिव ललित बोरीवाल, राजेंद्र सांखला, हरीश परिहार, अमित जोशी, अश्विन गर्ग, हरीश चौधरी, सुभाष चौधरी, भवानी सिंह भटाणा, हर्षुल अग्रवाल, हमीद कुरेशी, हेमलता शर्मा, भूराराम कोली, छगनलाल सोलंकी, केपी सिंह डबानी, राजेश गहलोत, पुनीत अग्रवाल, प्रकाशराज मीणा, पुष्पेंद्र सिंह देवडा, दलपतसिंह नागानी, नारायणसिंह भाटी, सलीम पठान, पुखराज गहलोत, तखतसिंह भेरूगढ आदि मौजूद थे।

# निष्पादन समिति की बैठक हुई

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति की बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलैक्टर ने विभाग की प्रगति कार्या की जानकारी लेकर और प्रगति लाने व अन्य आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलैक्टर मंत्री ने विभिन्न बिन्दुओं के एजेंडावार बिन्दुओं पर चर्चा की और प्रगति को देखा जिनमें उन्होंने जिला रैंकिंग पर व अपार रजिस्ट्रेशन, विद्यालयों में ईएलसी प्रभारी की डिटेल व शाला दर्पण पर एन्ट्री के बारे में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण मेडीकल टीम की स्क्रीनींग, विद्यार्थियों का आधार सीडींग, इन्फ्रा मॉनिटरिंग रिपोर्ट अपडेट के संबंध में भी जानकारी ली।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुरिया, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक / ग्रापं/2024-25/354 दिनांक: 11/03/2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रायपुरिया द्वारा 2 कार्यो हेतु राजस्थान पंचायती राज. नियम 1996 के नियमो के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग , जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिक विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो मे पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे प्राप्त की जावेगी । निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है

**NIB NO. - ZJR2425A0605**
**UBN NO. - ZJR2425WSOB01171 to ZJR2425WSOB01172**

सरपंच, ग्राम पंचायत रायपुरिया, पं. स. जालोर ( राज. )
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रायपुरिया, पं. स. जालोर ( राज. )